## संपादकीय

# चुनौतियों का ताज

भाजपा को पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले बड़ा जनादेश मिलने का स्पष्ट निष्कर्ष यह भी है कि जनता ने नरेंद्र मोदी की क्षमताओं पर भरोसा जताया है। निर्णय लेने की क्षमता और रचनात्मक पहल को प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय सुरक्षा व आतंकवाद से निपटने के मुद्दे निःसंदेह पिछली सरकार की प्राथमिकताएं रही हैं, जिसे जनता का बेहतर प्रतिसाद भी मिला है लेकिन लगभग दो माह के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान आकांक्षाओं का स्तर इतना ऊंचा चला गया है कि जनता बदलावकारी कदमों की अपेक्षा कर रही है। अन्य बातों के अलावा देश के सामने आर्थिक परिदृश्य चुनौती भरा है। वैश्विक घटनाक्रम से उपजी आर्थिक विसंगति धीरे-धीरे भारत को भी अपनी चपेट में ले रही है। मोदी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद ईरान से कच्चे तेल के आयात पर लगे प्रतिबंध से उपजे ऊर्जा संकट से निपटने की है। संभव है एक बड़े तेल उत्पादक देश का उत्पादन बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे हमारा प्रभावित होना लाजिमी है। समस्या का पेच यह है कि ईरान भारतीय रुपये में कच्चे तेल की आपूर्ति करता था तथा दो माह में पेमेंट की छूट भी देता रहा है। ऐसे में भारत तीसरे देश से तेल आयात करता भी है तो वह महंगा पड़ेगा। डालर में भुगतान का असर हमारे विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ेगा। इससे रुपये के कमजोर होने की आशंका भी पैदा हो सकती है। तेल संकट मोदी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। दूसरी चिंता यह है कि अमेरिका व चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध की आहट से भारत अछूता नहीं रह सकता। पूरी दुनिया में मंदी की आशंका जतायी जा रही है। इन हालात से भारत को बचाने के लिये नयी सरकार द्वारा तात्कालिक कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

देश में जिस तरह का आर्थिक परिदृश्य उभर रहा है, उसमें मंदी की आहट महसूस की जा सकती है। वाहन उद्योग जगत में उत्पादन व बिक्री में आई बड़ी गिरावट को इन संकेतों के तौर पर देखा जा सकता है। जाहिर है लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हुई है जो बाजार में नयी मांग पैदा नहीं कर पा रही है। ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ता मांग में गिरावट ज्यादा चिंता की बात है। ऐसे वक्त में जब सरकार को जुलाई में पूर्ण बजट पेश करना है तो सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिये करों का बोझ कम करके लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने का प्रयास करना होगा, जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी और उससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। अंतरिम बजट में सरकार ने मध्य वर्ग को आयकर से राहत देने का वायदा किया था, उसका क्रियान्वयन वक्त की मांग है। जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने, बेरोजगारी दूर करने तथा किसानों को राहत देना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। नये बजट में सरकार की तरफ से पहल की आस की जा रही है।

# एनबीसीसी की बोली पर विचार के लिए कर्जदाताओं की 30 मई को बैठक

» जेपी इन्फ्रा इन्सॉलवंसी

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** कर्ज में डूबी जेपी इन्फ्राटेक के वित्तीय कर्जदाताओं की 30 मई को बैठक होगी। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी की रीयल्टी कंपनी के अधिग्रहण को लेकर लगायी गई बोली तथा अटकी पड़की आवास परियोजनाओं को पूरा करने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की बैठक 30 मई को बुलाई गई है।

समिति में 13 बैंकों तथा 23,000 मकान खरीदारों के पास मतदान का अधिकार है। इस महीने की शुरूआत में कर्जदाताओं की समिति ने मुंबई की कंपनी सुरक्षा रीयल्टी की बोली को खारिज कर दिया था। बाद में सीओसी ने एनबीसीसी की पेशकश पर विचार करने का फैसला किया। बैंक पूर्व में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी की बोली में कुछ शर्तों का हवाला देते हुए इसपर विचार करने से मना कर दिया था। बैंकों की याचिका पर नैशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलएटी) ने 17 मई को एनबीसीसी की बोली पर मकान खरीदारों तथा कर्जदाताओं के मतदान को रद्द कर दिया और 30 मई तक पेशकश पर फिर से बातचीत की अनुमति दे दी। मतदान प्रक्रिया 31 मई से शुरू हो सकती है।




फिलहाल बैंक तथा एनबीसीसी, जेपी इन्फ्राटेक के अधिग्रहण को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी की पेशकश पर बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि एनबीसीसी भविष्य की कर देनदारी, समेत कुछ शर्तों में शायद ही नरमी बरते लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बचे हुए फ्लैट से संबंधित पेशकश पर फिर से बातचीत को तैयार है। कर्जदाताओं ने एनबीसीसी की संशोधित पेशकश में 1,756 करोड़ रुपये मूल्य के बिनाबिके 2,207 फ्लैट को लेने पर बेरुखी दिखाई है।

अपनी ताजा पेशकश में एनबीसीसी ने 200 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी डालने, 5000 करोड़ रुपये मूल्य की 950 एकड़ जमीन के साथ यमुना एक्सप्रेसवे बैंकों को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही वित्तीय कर्जदाताओं के 23,723 करोड़ रुपये के कर्ज के निपटान के लिए जुलाई 2023 तक फ्लैट को पूरा करने का प्रस्ताव किया है। इस बोली पर कर्जदाताओं को एनबीसीसी द्वारा मांगी गई कुछ तरह की छूटों पर आपत्ति है और कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## 'किसी समय' अमेरिका-चीन व्यापार करार की काफी अच्छी संभावना : ट्रंप

**तोक्यो (आरएनएस)।** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि चीन के साथ किसी समय व्यापार समझौता होने को लेकर काफी अच्छी संभावना है। उल्लेखनीय है कि दुनिया की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के व्यापार संबंधों में लगातार तनाव आ रहा है। ट्रंप ने जापान के प्रधानमंत्री शिन्जो आबे के साथ बातचीत के बाद कहा,''मुझे लगता है कि भविष्य में किसी समय हमारे बीच करार हो जाएगा। हम इसकी उम्मीद कर रहे हैं।



## स्पाइसजेट बेड़े में 100 विमान शामिल करने वाली चौथी भारतीय विमानन कंपनी बनी

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने अपने बेड़े में एक बोइंग737 विमान शामिल करने की रविवार को घोषणा की। इससे कंपनी के बेड़े में विमानों की संख्या 100 पर पहुंच गयी। स्पाइसजेट चौथी ऐसी भारतीय कंपनी है जिसके बेड़े में विमानों की संख्या 100 पर पहुंची है। इससे पहले एयरइंडिया, बंद पड़ी जेट एयरवेज और इंडिगो के बेड़े में 100 से अधिक विमान रहे। मौजूदा समय में आठ घरेलू विमानन कंपनियों एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, गोएयर, एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तार, एयर एशिया और एलायंस के पास संयुक्त तौर पर 595 विमान हैं। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि उसने सिर्फ पिछले महीने में ही 23 विमान बेड़े में जोड़े हैं। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बेड़े में 100वां विमान शामिल करने के बारे में कहा, ''किसने सोचा होगा कि जो स्पाइसजेट दिसंबर 2014 में बंद होने के कगार पर थी, 2019 में उसके बेड़े में 100 विमान शामिल होंगे।

# फिएट क्राइसलर ने रेनॉ को 50-50 विलय का दिया प्रस्ताव

नई दिल्ली,27 मई (आरएनएस)। दुनिया की अग्रणी वाहन कंपनी फिएट क्राइसलर ने फांस की वाहन कपनी रेनॉ के साथ 50-50 विलय का प्रस्ताव दिया है। विश्व की इन दोनों अग्रणी वाहन कंपनियां के बीच एक गठजोड़ के बारे में काफी समय से चर्चा चल रही थी। एक सूत्र ने बताया था कि दोनों कंपनियां सोमवार को पेरिस शेयर बाजार के खुलने से पहले इस कदम की घोषणा कर सकती हैं।

उसने कहा कि बातचीत के एजेंडे में संभावित विलय भी शामिल है। फिएट ने सोमवार को एक बयान में कहा है कि उसने रेनॉ के बोर्ड को 50-50 विलय का प्रस्ताव दिया है। सोमवार को सुबह आठ बजे रेनॉ के निदेशक मंडल की बैठक हुई।

फाइनैंशल टाइम्स ने भी शनिवार को खबर दी थी कि रेनॉ और फिएट क्राइसलर बातचीत की अग्रिम अवस्था में हैं और इसका परिणाम करीबी तालमेल के रूप में देखने को मिल सकता है।

फ्रांस की रेनॉ और इटली-अमेरिकी आटो कंपनी फिएट क्राइसलर से, हालांकि जब एएफपी ने इस बारे में संपर्क किया तो दोनों में से किसी ने भी इस बारे में टिप्पणी नहीं की थी।



## लगातार 5वें दिन बढ़े पेट्रोल के दाम, डीजल पर विराम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल के दाम में वृद्धि का सिलसिला सोमवार को लगातार पांचवें दिन जारी रहा, मगर डीजल की कीमतों में वृद्धि पर विराम लग गया। तेल विपणन कंपनियों ने फिर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में 10 पैसे प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 11 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है, लेकिन डीजल के दाम में सोमवार को कोई बदलाव नहीं किया गया। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 71.77 रुपये, 73.83 रुपये, 77.38 रुपये और 74.50 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## सिपला को 2019-20 में सभी प्रमुख बाजारों में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फार्मा कंपनी सिपला ने कहा कि उसे चालू वित्त वर्ष में सभी प्रमुख बाजार में वृद्धि की उम्मीद है। साथ ही उसकी 2019-20 में 12 नए औषधि रसायन के लिए आवेदन करने की भी योजना है। कंपनी ने भारतीय बाजार के लिए अपनी प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए कहा कि उसे श्वस्न प्रणाली और क्रॉनिक उपचार से जुड़ी मौजूदा फ्रेंचाइजी से मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। क्रॉनिक उपचार में मधुमेह , कार्डियो और महिला स्वास्थ्य जैसी बीमारियों का इलाज शामिल हैं। सिपला ने हालिया निवेशक प्रस्तुतीकरण में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि अमेरिकी बाजार में 2018-19 में विविध उत्पादों को पेश करने से मजबूत वृद्धि हुई है। 2019-20 में हमारी योजना पिछले वित्त वर्ष में पेश किए गए उत्पादों को बढ़ाने और नए उत्पाद पेश करने की है। दक्षिण अफ्रीका को लेकर हमारी योजना ग्राहकों को सीधे बेचे जाने वाली दवा कारोबार (ओटीसी कारोबार) को मजबूत करने की है। शेष बचे प्रमुख बाजारों में कंपनी अपनी प्रमुख बाजार स्थिति को बनाए रखने पर ध्यान देगी।




# पीसीबी का फैसला, भारत से मैच के बाद पत्नियों को साथ रख सकेंगे पाक खिलाड़ी

**कराची (आरएनएस)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपना फैसला बदलते हुए आखिरकार विश्व कप के दौरान इंग्लैंड में अपने खिलाड़ियों को परिवार के साथ रहने की अनुमति दे दी है, लेकिन इसके लिए उन्हें 16 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच तक इंतजार करना होगा। यह फैसला पीसीबी ने कुछ क्रिकेट बोर्ड के फैमिली साथ रखने के फैसले के बाद किया है।

पीसीबी ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के दौरान खिलाड़ियों को अपने परिवार को साथ रखने की अनुमति दे दी थी, लेकिन उसने पिछले महीने कप्तान सरफराज अहमद के विश्व कप के लिए इसी तरह के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।



पीसीबी के एक अधिकारी के अनुसार पाकिस्तानी खिलाड़ी चाहते थे कि उनकी पत्नी और बच्चों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 जून को होने वाले मैच के बाद उनके साथ रहने की अनुमति दे दी जाए। अधिकारी ने कहा, 'बोर्ड ने अन्य टीमों के चलन को देखते हुए अपने पूर्व फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया।' राष्ट्रीय टीम के सदस्य बोर्ड के इस फैसले से नाराज थे और इस संबंध में उन्होंने कई अनुरोध भी किए।

## एशियाई बैडमिंटन परिषद के उपाध्यक्ष चुने गए सरमा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय बैडमिंटन महासंघ (बीएई) के अध्यक्ष हिमांता बिस्वा सरमा को एशियाई बैडमिंटन परिषद (बीएसी) का उपाध्यक्ष चुना गया है। असम के स्वास्थ एवं शिक्षा मंत्री सरमा को शनिवार को हुए मतदान में 40 में से 35 वोट हासिल हुए। बीएई ने रविवार को ट्वीट कर कहा, बीएई के अध्यक्ष सरमा एशियाई बैडमिंट परिषद के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें चुनाव में 40 में से 35 वोट प्राप्त हुए हैं। इससे पहले पिछले वर्ष गोवा में वार्षिक आम सभी बैठक के दौरान सरमा को निर्विरोध बीएई का अध्यक्ष चुना गया था। इस बीच बीएसी के अध्यक्ष एंटोन सुबोवो ने बीएई के सचिव उमर राशिद को एशियाई बैडमिंटन विकास समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## आज का राशिफल

मेषः- जल्दबाजी में कोई काम न करें। आप विपरीत लिंगी के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। व्यापार में लाभकारी परिवर्तन हो सकते हैं।

वृषभः- इस समय आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है और कठिन परिश्रम के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार में अनुकूलता रहेगी।

मिथुनः- धनार्जन के अवसरों में वृद्धि होगी। साथ ही साथ एक से अधिक प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं।

कर्कः- जो लोग विदेशी व्यापार में कार्यरत हैं या विदेशी स्रोतों के द्वारा कार्य कर रहे हैं उनके लिए समय बेहतर है, पूर्ण रूप से यह समय आप के लिए एक भाग्यशाली अवधि है।

सिंहः- यह समय आर्थिक रूप से भाग्यशाली रहेगा। आप विभिन्न स्रोतों के माध्यम से पैसा कमा सकते हैं। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

कन्याः- इस अवधि के दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। बोलचाल में कटुता न आने दें।

तुलाः- आपको अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। बुद्धि चातुर्य से अनेक कठिनाइयां दूर हो सकेंगी।

वृश्चिकः- आप अपने काम के स्थान पर आदर और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे, कार्य-व्यवसाय में आशातीत सफलता मिल सकेगी।

धनुः- आप किसी मुसीबत में फंस सकते हैं आपको विश्वासघात करने के कारण सजा भी मिल सकती है, स्थायी संपत्ति क्रय करने में जल्दी न करें।

मकरः- आपके व्यक्ति त्व में आकर्षण का भाव है इस कारण लोग आपसे जल्द ही प्रभावित हो जाते हैं, परिचय क्षेत्र का विस्तार होगा।

कुंभः- आपको स्वास्थ्य से संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

मीनः- आपको अपने करीबी दोस्तों से धोखा भी मिल सकता है, धन संग्रह एवं बचत के लिए समय अनुकूल नहीं है।

## टेस्टी खजूर बर्फी...

रमजान की इफ्तारी में खजूर से बनी डिशेज़ सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। जो टेस्टी ही नहीं बहुत हेल्दी भी होते हैं। तो आज हम बनाएंगे खजूर की बर्फी।



**सामग्री :**

खजूर- 200 ग्राम (बीज निकाले हुए), पिस्ता- 1/2 कप, किशमिश- 1/2 कप, बादाम- 1/2 कप, काजू- 1/2 कप, खसखस- 1 टीस्पून, मुनक्का- 1/2 कप, घी- जरूरत के अनुसार

**विधि :**

खजूर को छोटे-छोटे पीस में काटकर उन्हें मिक्सी में तब तक पीसें जब तक कि वह सॉफ्ट ना हो जाएं।

फिर एक पैन में घी गरम करें। घी गरम होने पर उसमें खसखस डालकर 30 सेकेंड तक भून लें।फिर उसमें बाकी के सभी मेवे डालकर मिक्स करें और लगभग 3 से 4 मिनट तक भून लें।

इसके बाद इसमें खजूर डालकर लगातार चलाते हुए उसे ड्राय होने तक मिक्स करें। ध्यान रखें कि मिक्सचर पैन में ना चिपके।

जब मिक्सचर ड्राय हो जाए तब गैस बंद कर दें। इसके बाद एक प्लेट में चारों ओर से अच्छी तरह घी लगाकर चिकना कर लें और खजूर के मिक्सर को उस प्लेट पर अच्छे से फैला दें। जब वह रूम टेम्प्रेचर पर ठंडा हो जाए तब इसे फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें। जब मिक्सचर सेट हो जाए तब मन चाहे शेप में काट लें और सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 77

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.76का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |